7 महीने और इंतजार... आरे से बीकेसी तक दौड़ेगी मेट्रो-3

काम का जायजा लेने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे का ऐलान

मेट्रो-3 पर बने भूमिगत स्टेशन के एस्केलेटर से उतरते सीएम शिंदे।

विशेष संवाददाता, मुंबई

बस 7 महीने का इंतजार और है उसके बाद आरे से बीकेसी तक का मेट्रो-3 का काम पूरा हो जाएगा और इस रूट पर मेट्रो दौड़ने लगेगी। 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। जो 10 प्रतिशत काम बचा है वह हर हाल में दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह भरोसा दिलाया है। मंगलवार देर रात मुख्यमंत्री शिंदे ने चर्चगेट से विधान भवन तक बन रहे मेट्रो-3 मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया।

मुंबई मेट्रो लाइन -3 (कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज) मुंबई के लिए प्रस्तावित पहली और एकमात्र पूरी तरह से भूमिगत मेट्रो लाइन है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ वैकल्पिक परिवहन सुविधा के लिए इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे ट्रैफिक का दबाव काफी हद तक कम हो जाएगा। साथ ही वायु एवं ध्वनि प्रदूषण भी काफी कम हो जाएगा।

मेट्रो-3 रूट को मेट्रो-1, 2, 6 और 9 के साथ-साथ मोनोरेल से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा उपनगरीय रेल लाइन को मुंबई के हवाई अड्डों के अलावा चर्चगेट और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री को बताया गया कि मेट्रो-3 का दूसरा चरण जून 2024 से पहले पूरा हो जाएगा।

इसके दोनों चरण शुरू होते ही सड़कों पर तकरीबन 6 लाख वाहनों का बोझ कम हो जाएगा।

चर्चगेट से विधानभवन तक बनी मेट्रो- 3 का भूमिगत रेल ट्रेक

भीड़ वाले 9 एरिया को मिलेगी राहत

मेट्रो 3 रूट

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज (ऑफिशल रूट)

स्टेशन | कफ परेड | बीकेसी | आरे

33.5 किलोमीटर

फेस 1 : बीकेसी-आरे

12.5 किलोमीटर

स्टेशन **9** (मेट्रो के 5 कॉरिडोर्स में कुल 27)

स्टेशन	दूरी
आरे कॉलोनी	शुरू
सीप्ज	1.59 KM
एमआईडीसी	1.24 KM
मरोल नाका	1.22 KM
CSIA टर्मि.2 (इंटरनेशनल एयरपोर्ट)	1.004 KM
सहार रोड*	0.98 KM
CSIA टर्मि.1 (डोमेस्टिक एयरपोर्ट)	1.71 KM
सांताक्रूज	2.15 KM
विद्यानगरी	0.99 KM
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स	1.36 KM
*सहार में क्रॉसओवर होगा	0.26 KM

सबसे लंबा स्टेशन

बीकेसी **474 मीटर** लंबा

सबसे बड़ा स्टेशन

बीकेसी **15438** स्क्वेयर मीटर एरिया

सबसे गहरा स्टेशन

सीएसआईए T1 और सहार रोड **26.49 मीटर** गहरा



चुनौतीभरा स्टेशन

मरोल लाइन 1 में आता है

निर्माण अलग तरीका अपनाकर सावधानी से करना होगा ताकि लाइन 1 के पिलर प्रभावित न हों

- मेट्रो-3 पर 2024 तक 8-8 कोच वाली 31 ट्रेनें चलेंगी।
- इस रूट पर लोकल ट्रेनों के 15 प्रतिशत यात्री शिफ्ट होंगे।

2023 अक्टूबर तक ट्रायल शुरू होगा

- दो ट्रेनों के बीच का समय 6.5 मिनट है
- पहले चरण में 9 ट्रेनें दौड़ेंगी

दूसरे चरण का काम

(बीकेसी से कफ परेड) पूरे हुए कार्य की स्थिति

76.9% कुल निर्माण

95.3% परियोजना

88.3% स्टेशन निर्माण

42.4% सिस्टम कार्य

46.6% रेलवे ट्रैक

2024 जून में यह मार्ग लॉन्च होगा

खास बातें

कुल **17** स्टेशन | दूरी **21.35** किमी

कॉस्ट में बढ़ोतरी

मेट्रो 3 की ओवरऑल प्रोजेक्ट कॉस्ट

वास्तवित **₹23,136cr** | रिवाइज्ड **₹33,405cr**

कार शेड कॉस्ट **₹328cr** रिवाइज्ड

प्रोजेक्ट प्रोग्रेस

5 मई 2023 तक

डिपो **62** % दोनों फेज के कॉमन